प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राजमहल, दुमका और गोड्डा सीट के लिए आज सवेरे सात बजे से डाले जा रहे वोट।

- राज्य में आज तीन लोकसभा सीटों के लिए हो रहे चुनाव में निशिकांत दुबे, विजय हांसदा और सीता सोरेन समेत 52 उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का होगा फैसला।

- कोल्हान–संताल में आंधी–पानी से गिरा पारा, लोगों को गर्मी से मिली राहत, पलामू–गढ़वा में हीट वेव का कहर, पिछले 24 घंटे में लू से 28 लोगों की मौत, बोकारो में वज्रपात ने ली 3 की जान।

- पहली हॉकी रांची लीग के पुरुष वर्ग में एनटीएचए जमशेदपुर और बापू क्लब फाइनल में, कल होगी खिताबी भिड़ंत।

********************

राज्य में राजमहल, दुमका और गोड्डा लोकसभा सीट के लिए आज सवेरे सात बजे से वोट डाले जा रहे हैं। सभी मतदान केंद्रों में शाम पांच बजे तक मौजूद रहने वाले सभी मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। वहीं, शांतिपूर्ण, भयमुक्त और हिंसा रहित चुनाव के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी बूथों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ वेबकास्टिंग के माध्यम से मतदान केंद्रों की पल– पल की गतिविधियों तथा मतदान की गति पर नजर रखी जा रही है। इसके लिए सभी मतदान केंद्रों के अंदर बाहर कैमरे लगाए गए हैं, जिसकी मॉनिटरिंग मुख्यालय और जिला में बनाए गए कंट्रोल रूम से की जा रही है। वहीं मतदान प्रक्रिया के सुव्यवस्थित तरीके से संचालित करने को लेकर 12 हज़ार 5 सौ 55 बैलट यूनिट, 7 हज़ार 5 सौ 10 कंट्रोल यूनिट तथा 8 हज़ार 1 सौ 35 वीवीपैट का इस्तेमाल किया जा रहा है।

********************

राज्य में अंतिम चरण में तीन सीटों के आज हो रहे चुनाव में 8 महिला समेत 52 प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत ईवीएम में लॉक हो जाएगी। इनमें दो वर्तमान सांसद और चार विधायकों की भी प्रतिष्ठा दांव पर है। इनमें राजमहल सीट से 3 महिला समेत 14 प्रत्याशी, दुमका से 4 महिला समेत 19 प्रत्याशी और गोड्डा सीट से 1 महिला समेत 19 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इस चरण में राजमहल सीट के लिए भाजपा के ताला मरांडी, झामुमो के विजय हांसदा तथा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधायक लोबिन हेम्ब्रम, दुमका संसदीय सीट के लिये भाजपा की सीता सोरेन तथा झामुमो के नलिन सोरेन और गोड्डा सीट से भाजपा के निशिकांत दुबे तथा कांग्रेस के प्रदीप यादव के बीच मुख्य मुकाबला होने की संभावना है।

********************

राज्य के तीनो सीटों के लिए आज हो रहे चुनाव को लेकर 6 हजार 2 सौ 58 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां 53 लाख 23 हज़ार 8 सौ 86 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित राजमहल सीट के लिए 17 लाख 4 हज़ार 6 सौ 71, अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित दुमका सीट के लिए 15 लाख 91 हज़ार 61 और गोड्डा संसदीय सीट के लिए 20 लाख, 28 हज़ार 1 सौ 54 मतदाता वोट करेंगे। इन सभी सीटों के लिए 27 लाख 5 सौ 38 पुरुष, 26 लाख 23 हज़ार 3 सौ 15 महिला, 76 हज़ार 6 सौ 72 दिव्यांग, 33 थर्ड जेंडर, पचासी वर्ष से अधिक उम्र के 30 हज़ार 3 सौ 83 तथा 100 साल से अधिक उम्र के 4 सौ 39 वोटर हैं। वहीं कुल मतदान केंद्रों में 4 हज़ार 7 सौ 01 ग्रामीण और 2 सौ 91 शहरी इलाकों में अवस्थित हैं।

********************

राज्य के तीन लोकसभा सीटों के लिए मतदान के शुरू हुए एक घंटे से ज्यादा का वक्त हो चुका है। ऐसे में अंतिम चरण के चुनाव के मद्देनजर हम सबसे पहले चलते है राजमहल संसदीय क्षेत्र के अपने साहेबगंज संवाददाता के पास और जानते कैसा है चुनाव के पहले घंटे का माहौल...

********************

इंडी गठबंधन की नई दिल्ली में आज होने वाली बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा की कल्पना सोरेन शामिल होंगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोकसभा चुनाव के आज अंतिम चरण के मतदान के दिन यह बैठक बुलाई है, जिसमे घटक दलों के नेता मौजूद रहेंगे।

********************

पलामू लोकसभा सीट के लिए होने वाले मतगणना की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस सिलसिले में जिले के उपायुक्त–सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी प्रत्याशियों के निर्वाचन अभिकर्ताओं के साथ बैठक कर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतगणना की गाइडलाइन से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मतगणना विधानसभा वार होगी और इसके लिए एक सौ चौबीस टेबल लगाए जाएंगे, जबकि 28 टेबलों पर बैलेट पेपर की गिनती होगी। उधर पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सिंहभूम लोकसभा सीट की होने वाली मतगणना को लेकर सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी के साथ बैठक कर कई निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मतगणना से जुड़ी सारी व्यवस्थाएं समय पर पूरी हो जानी चाहिए। उन्होंने महिला कॉलेज चाईबासा में बनाए गए मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

********************

झारखंड उच्च न्यायालय ने कहा है कि अगर किसी अभियुक्त को एक बार जमानत मिल जाती है तो उसकी जमानत तब तक रद्द नहीं की जा सकती, जब तक कि वह जमानत की शर्तों का उल्लंघन नहीं करता हो। न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने जमशेदपुर सिविल कोर्ट द्वारा एक आपराधिक मामले में आपसी समझौता के आधार पर दिए गए जमानत के खिलाफ दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया।

********************

रामगढ़ के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश– सह– जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने कल सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में साफ सफाई का जायजा लेने के साथ यहां भर्ती मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों और अन्य कर्मियों की उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से कहा कि वह मरीजों को सरकार के द्वारा दी जाने वाली सुविधा और लाभ देना सुनिश्चित करें।

********************

रामगढ़ जिले के अंतर्गत आनेवाले बड़काकाना जंक्शन को क्विक वाटरिंग सिस्टम से जोड़ दिया गया है।

********************

झारखंड में आज तीन लोकसभा सीट के लिए हो रहे मतदान को लेकर आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश के द्वारा जीवंत चुनावी परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। जिसका प्रसारण रात आठ बजे से साढ़े आठ बजे तक होगा।

********************

राज्य के अलग–अलग हिस्सों में मौसम का रुख भी अलग–अलग देखने को मिल रहा है। पलामू–गढ़वा और चतरा जैसे जिलों में जहां भीषण गर्मी और हीट वेब चल रहा है। वहीं, कोल्हान तथा संताल में कल आंधी–पानी से पारा में तेज गिरावट आई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली. इधर, पिछले चौबीस घंटे के दौरान लू की चपेट में आने से अठाईस लोगों की मौत हो गई। इसमें पलामू में आठ, चतरा में आठ, गढ़वा में पांच, कोल्हान में तीन, धनबाद में दो और हजारीबाग–रामगढ़ के एक–एक मृतक हैं। वहीं, बोकारो में कल वज्रपात से तीन लोगो की मौत हो गई। वहीं, पिछले चौबीस घंटे में सबसे ज्यादा छियालीस डिग्री सेल्सियस तापमान गढ़वा में दर्जकिया गया। मौसम विभाग ने आज भी पलामू प्रमंडल के विभिन्न जिलों में हीट वेब चलने का पूर्वानुमान जारी किया है, जबकि रांची समेत कई हिस्सों में अगले अड़तालीस घंटे में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

********************

राजधानी रांची में आयोजित पहली रांची हॉकी लीग के पुरुष वर्ग के पहले सेमीफाइनल में एनटीएचए जमशेदपुर ने फगुवा इलेवन को छह–शून्य गोल से पराजित कर फाइनल में जगह पक्की कर ली, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में बापू क्लब ने रोमांचक मैच में झारखंड इलेवन पर दो शून्य से जीत दर्ज की। वहीं महिला वर्ग के दोनों सेमीफाइनल मुकाबले आज खेले जाएंगे. पहला सेमीफाइनल सुपर क्वीन वूमेन तथा साई, रांची और दूसरा सेमीफाइनल सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस , बरियातू रांची तथा हॉकी गुमला के बीच होगा.दोनों ही वर्गों में खिताबी भिड़ंत कल होगी।

********************

- साहिबगंज जिला के मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र स्थित इंटर स्टेट चेक पोस्ट पर पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कल दो कार से दो लाख रुपए बरामद किए। पूरे मामले की जांच जारी है।
- धनबाद जिले के पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। साइबर अपराधियों के पास से नौ मोबाइल फोन, सिम कार्ड और कई अहम दस्तावेज भी मिले हैं।
- रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न नर्सिंग संस्थाओं के विद्यार्थियों ने सत्र विलंब और परीक्षा नहीं होंगे को लेकर कुलपति का घेराव किया। कुलपति ने विद्यार्थियों को बुलाकर पूरे मामले की जानकारी ली और समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।
- राजधानी रांची में वीमेंस प्रीमियर क्रिकेट लीग का आगाज कल होगा। रांची जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित हो रहे इस लीग में चार टीमें हिस्सा लेगी।

********************

अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख समाचार पत्रों ने आज संताल परगना के तीन लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में सातवें चरण के मतदान और राज्य में भीषण गर्मी के प्रकोप की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है – जेल जाने के बाद भी मंत्री आलमगीर आलम के इस्तीफा नहीं देने से बाधित हुआ विभाग का कामकाज।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं – भीषण गर्मी के प्रकोप से बीते तीन दिनों में राज्यभर में 47 की मौत, लू और जानलेवा।

दैनिक जागरण लिखता है – सियासी रण का अंतिम मुकाबला आज, राजमहल, दुमका और गोड्डा में पड़ेंगे वोट।

दैनिक भास्कर ने लिखा है – विभागीय सचिवों को पांच माह का टास्क, बजट में घोषित योजनाएं तत्काल कैबिनेट में लाएं।

रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है – हेमंत सोरेन से जेल में मिले मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने भी आज हो रहे मतदान की खबर को प्रमुखता से लिया है।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया की सुर्खी है – संताल परगना में भाजपा के लिए महासंग्राम आज।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने लिखा है – राज्य की तीन लोकसभा सीटों पर 5 मिलियन मतदाता आज करेंगे मतदान।

********************